आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311


# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक
हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 12 अंक : 22 लखनऊ, मंगलवार 14 सितम्बर से 20 सितम्बर, 2021 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## अलीगढ़ में राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय की आधारशिला रखेंगे पीएम मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को अलीगढ़ जिला मुख्यालय से ३० किलोमीटर दूर लोधा में राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य्य विश्व्विद्यालय की आधारशिला रखेंगे। साथ ही वह उत्तर प्रदेश रक्षा गलियारा (डिफेंस कॉरिडोर) के अलीगढ़ क्षेत्र का दौरा भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में १४ सितंबर को दोपहर १२ बजे राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय की आधारशिला रखेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जनता को संबोधित भी करेंगे।'' बाद में प्रधानमंत्री विश्वविद्यालय परिसर क्षेत्र का दौरा भी करेंगे। इस दौरान उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे। ज्ञात हो कि योगी आदित्यनाथ ने राजा महेंद्र प्रताप सिंह के नाम पर अलीगढ़ में नया राज्य्य विश्व्विद्यालय स्थापित करने का लोकसभा चुनाव के दौरान वादा किया था। जानकारों का कहना है कि अलीगढ़ विश्वविद्यालय की स्थ्यापना के लिए राजा महेंद्र सिंह ने अपनी जमीन दान की थी। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश रक्षा गलियारा (डिफेंस कारिडोर) के तहत अलीगढ़ क्षेत्र का दौरा भी करेंगे। उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे में अलीगढ़ सहित छह शहर शामिल हैं। उत्तर प्रदेश की यह महत्वाकांक्षी परियोजना भारतीय एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र की विदेशी निर्भरता को कम करने का इरादा रखती है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण को विभिन्न अन्य राज्य एजेंसियों के साथ मिलकर इस परियोजना को निष्पादित करने के लिए नोडल एजेंसी बनाया गया था।

## हमने तो कोरोना के भूत को बोतल में बंद कर दिया है। : मुख्यमंत्री योगी


लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने है। ऐसे में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार प्रदेश के अलग–अलग जिलों का दौरा कर रहे हैं। इस दौरान वह अलग अलग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर रहे हैं। साथ ही साथ जनसभा को संबोधित करने की भी कोशिश कर रहे हैं। इसी दौरान रविवार को योगी आदित्यनाथ पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में थे। इस दौरान उन्होंने कई परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया तथा एक जनसभा को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करने के दौरान योगी आदित्यनाथ




ने कहा कि हमने कोरोना वायरस के खिलाफ असरदार लड़ाई लड़ी है। देश में ऐसे कई प्रदेश है जहां की सरकारें कोरोना को रोक नहीं पा रही हैं, हमने तो कोरोना के भूत को बोतल में बंद कर दिया है। योगी सरकार ने दावा किया कि भले ही इस महामारी ने अर्थव्यवस्था का काफी नुकसान किया है लेकिन आय ना होने के बावजूद भी केंद्र और प्रदेश सरकार ने जनता की जरूरतों को पूरा किया। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि राम भक्तों पर गोली चलाने वाली तालिबान समर्थक जातिवादी वंशवादी मानसिकता को प्रदेश की जनता कतई बर्दाश्त न करें। योगी ने ट्वीट किया, राम भक्तों पर गोली चलाने वाली तालिबान समर्थक जातिवादी–वंशवादी मानसिकता को प्रदेश की जनता कतई बर्दाश्त न करे। याद रखिएगा,बिच्छू कहीं भी होगा तो डसेगा। उन्होंने कहा कि पहले माफिया सत्ता का संचालन करते थे और सत्ता इनकी शागिर्द बनकर इनके पीछे–पीछे चलती थी, लेकिन अब इनकी अवैध कमाई पर सरकारी बुल्डोजर चलता है तथा ये माफिया उत्तर प्रदेश की धरती छोड़ने के लिए मजबूर हुए हैं। योगी ने कहा कि माफिया के विरुद्ध उनका यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा। योगी ने कुशीनगर में २८१ करोड़ से ज्यादा लागत के राजकीय मेडिकल कलेज और ३१० करोड़ से अधिक की लागत की अन्ध्य ६६ विकास परियोजनाओं का शिलान्यास तथा १४ करोड़ से अधिक की ११ विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया जबकि संतकबीरनगर जिले में उन्होंने २१६ करोड़ रुपये की १०६ परियोजनाओं का उद्घाटन और २६ करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। संतकबीरनगर में नवनिर्मित जिला जेल का उद्घाटन करने के बाद योगी ने अपने संबोधन में कहा कि संत कबीर नगर जिले को अस्तित्व में आए २४ साल हो चुके हैं लेकिन यहां राजनीति से प्रेरित परियोजनाओं की घोषणाओं के अलावा कुछ भी नहीं किया गया है। योगी ने दावा किया कि अब जिला विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

## भारत बायोटेक की कोरोना वैक्सीन ब्वअं•पद को इस सप्ताह WHO से मिल सकती है मंजूरी

नयी दिल्ली। देश में कोरोनावायरस की दूसरी लहर धीरे–धीरे कम हो रही है। लेकिन तीसरी लहर की आशंका के बीच सतर्कता बरती जा रही है। इन सबके बीच भारत के लिए अच्छी खबर है। भारत में निर्मित भारत बायोटेक की कोरोना वैक्सीन कोवैक्सीन को इस सप्ताह विश्व स्वास्थ्य संगठन की इजाजत मिल सकती है। यह खबर न्यूज एजेंसी एएनआई की ओर से दी गई है। एएनआई ने अपने ट्वीट में बताया कि भारत बायोटेक की वैक्सीन कोवैक्सीन को इस हफ्ते WHO की इजाजत मिल सकती है। आपको बता दें कि भारत में फिलहाल तीन कोरोना वैक्सीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। पहला है भारत बायोटेक कि कोवैक्सीन, दूसरा सीरम इंस्टीट्यूट की कोविशील्ड और तीसरी रूस की स्पुतनिक VA इससे पहले



डब्ल्यूएचओ की दक्षिण पूर्व एशिया के क्षेत्रीय निदेशक डॉ पूनम खेत्रपाल सिंह ने जुलाई में बताया था कि तकनीकी विशेषज्ञ समिति डोजियर की समीक्षा कर रही है।

## दिल्ली में इस साल डेंगू के १५८ मामले आए, ३४ मामले अकेले सितंबर में दर्ज

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में इस साल अबतक डेंगू के कम से कम १५८ मामले आ चुके हैं लेकिन शहर में डेंगू से कोई मौत नहीं हुई



है। यह जानकारी नगर निकाय द्वारा सोमवार को जारी रिपोर्ट में दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक २०१६ के बाद एक जनवरी से ११ सितंबर तक आए डेंगे के मामले भी सबसे अधिक हैं। २०१६ में इस अवधि में डेंगू के १७१ मामलों की पुष्टि हुई थी। इसमें बताया गया है कि अकेले अगस्त महीने में डेंगू के ७२ मरीज सामने आए हैं जो कुल मामलों का करीब ४५ प्रतिशत है। वहीं, इस महीने ११ तारीख तक डेंगू के ३४ मामले आ चुके हैं। डेंगू फैलाने वाले मच्छरों का लार्वा साफ पानी में पनपता है जबकि मलेरिया फैलाने वाले मच्छर गंदे पानी में प्रजनन करते हैं। दिल्ली में वेक्टर जनित बीमारियों के मामले आम–तौर पर जुलाई से नवंबर के बीच आते हैं लेकिन यह अवधि मध्य दिसंबर तक भी हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक इस साल ११ सितंबर तक मलेरिया के ६८ और चिकुनगुनिया के ४० मामले आए हैं।

## दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमण के १७ नए मामले, संक्रमण की दर ०.०४ प्रतिशत

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को कोरोना वायरस संक्रमण के १७ नए मामले सामने आए तथा महामारी से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण की दर ०.०४ प्रतिशत दर्ज की गई। दिल्ली में सितंबर में अब तक कोविड–१६ से केवल एक मरीज की मौत हुई है। अब तक संक्रमण के कुल १४,३८,२५० मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से १४.१२ लाख मरीज ठीक हो चुके



हैं। बुलेटिन के अनुसार, दिल्ली में इस महामारी से अब तक २५,०८३ मरीजों की मौत हो चुकी है।

# सम्पादकीय

## तो क्या अब अमेरिका झुक कर चलेगा?

ये तो साफ है कि अब चीन झुक कर अमेरिका के साथ संबंध बनाए रखने के मूड में नहीं है। तो क्या अब अमेरिका झुक कर चलेगा? कहना मुश्किल है। लेकिन अफगानिस्तान ने एक ऐसी सूरत जरूर पैदा की है, जिसमें मुमकिन है कि चीन से बात करना अमेरिका की मजबूरी बन गई हो। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अचानक चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बात करने का फैसला क्यों किया? क्या यह अफगानिस्तान में बनी मजबूरी का परिणाम है? या यह उनके रुख में अस्थिरता का संकेत है? बीते शुक्रवार को हुई वार्ता के बाद चीन ने जो बयान जारी किया, उसमें इसका प्रमुखता से जिक्र किया गया कि ये बातचीत बाइडेन की पहल पर हुई। साथ ही चीन ने यह भी प्रमुखता से दुनिया को बताया कि बाइडेन ने 'वन चाइना पलिसी' के प्रति अपनी वचनबद्धता जताई। उन्होंने सफाई दी कि उनके प्रशासन ने वन चाइना पलिसी से हटने पर कभी विचार नहीं किया है। अमेरिकी बयान से ऐसा कोई संकेत नहीं मिला कि बातचीत के दौरान बाइडेन आक्रामक मुद्रा में थे। बल्कि शी उनके सामने आलोचना के मूड में थे। शी ने साफ कहा कि दोनों देशों में टकराव की स्थिति अमेरिका के रुख से पैदा हुई है। पश्चिमी मीडिया में छपी खबरों के मुताबिक बाइडेन ने शी से मुलाकात का आग्रह एक खास वजह से किया। उनके मुताबिक ह्वाइट हाउस के अधिकारी इस निष्कर्ष पर थे कि हाल में जिन चीनी अधिकारियों का अमेरिकी अधिकारियों से संपर्क हुआ, वे कोई 'गंभीर या ठोस' बातचीत करने को लेकर अनिच्छुक थे। बताया जाता है कि बाइडेन ने इस गतिरोध को तोड़ने की कोशिश में शी से बातचीत की। ह्वाइट हाउस के मुताबिक बातचीत के दौरान बाइडेन ने कहा कि दोनों देशों को यह सुनिश्चित करना है कि उनके बीच जारी प्रतिस्पर्धा टकराव में ना बदल जाए। तो सवाल है कि जब ये प्रतिस्पर्धा अमेरिका ने शुरू की है, तो फिर टकराव से वह कब तक और कहां तक बचना चाहता है? और फिर क्यों? गौरतलब है कि राष्ट्रपति बनने के बाद बाइडेन की नीति चीन से दूरी बनाए रखने की रही है। राष्ट्रपति बनने के तुरंत बाद उन्होंने शी से फोन पर लंबी बात की थी। लेकिन उसके सात महीने तक दोनों में कोई संवाद नहीं हुआ। इस बीच मंत्री या अधिकारी स्तर पर जो भी बातचीत हुई, वह कड़वाहट में समाप्त हुई। ये तो साफ है कि अब चीन झुक कर संबंध रखने के मूड में नहीं है। तो क्या अब अमेरिका झुक कर चलेगा? कहना मुश्किल है। लेकिन अफगानिस्तान ने एक ऐसी सूरत जरूर पैदा की है, जिसमें मुमकिन है कि चीन से बात करना अमेरिका की मजबूरी बन गई हो।

## चेकिंग के दौरान पुलिस पर पथराव,आधा दर्जन महिला पुरूषों पर नामजद मुकदमा

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार रात पुलिस द्वारा चलाये जा चेकिंग अभियान के दौरान श्रम विहार वासियो ने पुलिस संग अभद्रता करते हुए पथराव शुरू कर दिया वहीं मौके पर पहुंची पुलिस बल को देख हमलावर फरार हो गये वहीं उपनिरीक्षक ने लगभग आधा दर्जन महिला पुरूषों पर नामजद मुकदमा दर्ज कराया हैं प्आलमबाग कोतवाली प्रभारी अमरनाथ विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार देर रात लगभग ११:०० बजे मवैया चौकी प्रभारी प्रदीप सिंह अपने कन्सटेबल मनोज व हमराह आरक्षी अंकित के साथ सरकारी जीप यूपी ३३ एजी ०३६७ से कोविड –१६ गाइड लाइन के पालन हेतु श्रम विहार के पास चेकिंग अभियान चला रहे थे इसी दौरान गढ़ी कनौरा की ओर से स्कूटी यूपी ३३ एल डब्लू ४७८७ से आ रहे दो युवकों को चेकिंग दौरान रोका तो पुलिस को गाली देते हुए झोपड़पट्टी में घुस गये और अपने अन्य महिला पुरुष साथियों की मदद से पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया किसी तरह पुलिसकर्मियों ने अपनी जान बचाते हुए घटना की जानकारी अपने उच्च अधिकारियों को दिये सूचना मिलते ही मौके पहुंची भारी पुलिस बल देख हमलावर फरार हो गये। वहीं उपनिरीक्षक प्रदीप सिंह ने श्रम विहार झोपड़पट्टी



निवासी मनोरमा पुत्री मनसुख, हिना पत्नी करन, सोनी उर्फ चुहिया पत्नी स्व दिनेश, शिवा पुत्र मुश्ताक अली, करन पुत्र विश्राम व तूफान पुत्र हीरालाल के खिलाफ सरकारी काम में बाधा पहुंचाने, गाली गलौज पथरावबाजी व मारपीट करने की लिखित शिकायत की है। उपनिरीक्षक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को तलाश किया जा रहा है।

# सीएम योगी ने तत्काल इलाज के दिये आदेश

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर रमाशंकर गिरि की लाडली बिटिया की आंख की रोशनी अब लौटेगी। शुक्रवार को जनता दर्शन के दौरान नन्हें–मुन्ने बच्चों से बेहद प्यार करने वाले सीएम योगी ने लाचार पिता की गुहार में उसकी बेटी के आंख का इलाज करने के तत्काल निर्देश दिए हैं।र्थिक स्थिति मजबूत नहीं होने की वजह से वे अपनी प्यारी बेटी का इलाज नहीं करा पा रहे थे। सीएम योगी के आदेश पर उनकी बेटी को किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमसी) में भर्ती कराने के बाद उसका इलाज भी शुरू कर दिया गया।दरअसल, लखनऊ में शुक्रवार जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छोटी सी बच्ची के साथ पहुंचे पिता से जब उसकी परेशानी पूछी तो उनसे उसकी पीड़ा देखी नहीं गई। उन्होंने तत्काल आंखों की रोशनी खो चुकी बिटिया को लखनऊ के किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में भर्ती कराकर उसका इलाज शुरू करने के निर्देश दिए। प्रयागराज के ग्राम



छटनाग झूंसी निवासी रमाशंकर गिरि की लाडली बेटी की आंखों की रोशनी चली गई है। आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं होने की वजह से वे अपनी प्यारी बेटी का इलाज नहीं करा पा रहे हैं। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने अपनी पीड़ा बताने पर उनको तत्काल राहत मिली। सीएम के आदेश पर उनकी बेटी को केजीएमसी में भर्ती कराने के बाद उसका इलाज भी शुरू कर दिया गया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लखनऊ में जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान त्वरित सहायत मिलने से परेशान पिता रमाशंकर के चेहरे से शिकन दूर हुई और उनके अंदर एक आस भी जगी कि जल्द ही उनकी बेटी की आंखों की रोशनी वापस लौट आएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से किये गए इस सहयोग के लिए उनको बहुत–बहुत धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की ओर से की गई मदद को वो कभी भुला नहीं पाएंगे।

# यूपी में 19 सितंबर से फिर शुरू होगा मुख्यमंत्री आरोग्य मेला

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने १६ सितंबर दिन रविवार से श्मुख्यमंत्री आरोग्य मेलाश का आयोजन फिर से शुरू करने के निर्देश दिए हैं। लोगों को एक छत के नीचे ही जांच व इलाज की पूरी सुविधा मिलेगी। इस साप्ताहिक स्वास्थ्य मेले को कोरोना संक्रमण काल में स्थगित कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित कराने में श्मुख्यमंत्री आरोग्य मेलाश ने कम समय में ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब राज्य में कोरोना की स्थिति नियंत्रित है। कोविड मरीजों की संख्या में लगातार कमी हो रही है। इसलिए यह आयोजन फिर से शुरू किया जाए।सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ हुई उच्च स्थ्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि ऐसे अन्त्योदय कार्डधारक परिवार, जो प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अथवा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में से किसी भी योजना में शामिल नहीं हैं, उन्हें मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री आरोग्य मेला से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं का प्रसार हुआ है। इसे हर सप्ताह आयोजित कर मरीजों की जांच, दवाएं आदि उपलब्ध कराई जाएं। इस दौरान गंभीर बीमारी की चपेट में आने वाले मरीजों को उच्च चिकित्सालय में रेफर किया जाए। इससे बीमारी बढ़ने से पहले बीमारी को नियंत्रित किया जा सकेगा।सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से ४० लाख से अधिक अंत्योदय कार्डधारक परिवार सीधे लाभान्वित होंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी पात्र लोगों को इस योजना का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने इस आयोजन के दौरान कोविड १६ प्रोटोकाल का पालन करने के निर्देश दिए हैं। मार्च २०२१ में कोरोना की दूसरी लहर आने के कारण मेला लगाया जाना बंद कर दिया गया था। अब कोरोना के मामले काफी कम होने के बाद यह फिर से शुरू किया जा रहा है। प्रदेश में सभी पीएचसी पर लगाए जाने वाले इस आरोग्य मेले में रोगियों को डाक्टर देखेंगे और जरूरत के अनुसार उनकी पैथोलाजी जांच कराएंगे। जांच रिपोर्ट के आधार पर अगर उन्हें अस्पताल में भर्ती करने के लिए रेफर करेंगे। दवाएं भी मुफ्त दी जाएंगी। आरोग्य मेले में कोरोना प्रोटोकाल का सख्ती से पालन कराया जाएगा। कोविड हेल्प डेस्क बनाई जाएगी।बता दें कि योगी सरकार उत्तर प्रदेश के ४० लाख अंत्योदय कार्डधारक परिवारों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करने जा रही है। पिछले दिनों कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। इस योजना में शामिल होने पर इनमें से प्रत्येक परिवार को निजी और सरकारी अस्पतालों में सालाना पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। यह वे परिवार होंगे जो आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से वंचित रह गए हैं।

# उपभोक्ताओं को समय से दें बिजली का सही बिल

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपभोक्ताओं को बिजली के सही बिल समय से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि फर्जी बिलिंग ओवर बिलिंग का एक भी केस आना लोगों को हतोत्साहित करता है। ऐसा कतई नहीं होना चाहिए। प्रदेश का बिजली उपभोक्ता ईमानदार है। यह ऊर्जा विभाग/निगमों की जिम्मेदारी है कि उपभोक्ताओं को समय से सही बिजली बिल उपलब्ध कराए। उन्होंने कृषि उत्पादन आयुक्त को इसकी मानिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बिजली बिल बकाये के बारे में एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) यथाशीघ्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। शुक्रवार को टीम–६ के साथ बैठक करते हुए उन्होंने व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के प्रकरण लंबित न रहें। प्रत्येक जिलाधिकारी–पुलिस कप्तान को महीने में एक बार तथा मंडलायुक्त व आइजी/डीआइजी स्तर दो माह में एक बार व्यापारिक संगठनों के साथ अनिवार्य रूप से बैठक करें। गोरखपुर, सिद्धार्थ नगर, महराजगंज, गोंडा, श्रावस्ती सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ गांवों में बाढ़ की समस्या पर भी उन्होंने चर्चा की। बैठक में बताया गया कि राप्ती को छोड़ बाकी सभी नदियों का जलस्तर कम हो रहा है। मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य पूरी तत्परता के साथ करने और आपदा मोचक टीमों को २४ घंटे सक्रिय और सजग रहने का निर्देश दिया। उन्होंने बाढ़ से प्रभावित लोगों की जरूरतों का पूरा ध्यान रखने और उन्हें तत्काल राशन आदि उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

# मथुरा में श्रीकृष्ण जन्म स्थल का दस वर्ग किलोमीटर क्षेत्र तीर्थ स्थल घोषित

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रदेश के धार्मिक पयर्टन स्थल केंद्र को लेकर बड़ा फैसला किया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मस्थल का दस वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को तीर्थ स्थल घोषित किया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मथुरा दौरे पर लोगों से किया गया वादा आज पूरा कर दिया है।गणेश चतुर्थी के अवसर पर उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। प्रदेश को धार्मिक पर्यटन का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए संकल्पित योगी सरकार ने मथुरा–वृंदावन में १० किमी क्षेत्र को तीर्थ स्थल घोषित किया है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ताजा फैसले के मुताबिक भगवान ेंष्ण की जन्मस्थली के १० किलोमीटर के दायरे में आने वाले नगर निगम के २२ वार्डो अब तीर्थस्थल होंगे। इस क्षेत्र में मांस–मदिरा की बिक्री प्रतिबंधित होगी। उनके निर्देश पर उत्तर प्रदेश शासन ने भगवान श्रीकृष्ण के



जन्मस्थान ब्रज में मांस व मदिरा की बिक्री पर भी पाबंदी लगा दी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इसको लेकर एक ट्वीट भी किया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मथुरा–वृंदावन में श्रीकृष्ण जन्म स्थल को केंद्र में रखकर दस वर्ग किलोमीटर क्षेत्र के कुल २२ नगर निगम वार्ड तथा क्षेत्र को तीर्थ स्थल के रूप में घोषित किया है। प्रदेश सरकार के इस निर्णय के तहत अब यहां पर दस किलोमीटर के क्षेत्र में शराब और मीट नहीं बिकेगा। इस क्षेत्र में मांस व मदिरा की बिक्री पर रोक को लेकर शीघ्र ही आदेश भी जारी कर दिया जाएगा। योगी आदित्यनाथ सरकार ने ब्रज क्षेत्र में हर साल आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की आस्था के सम्मान में यह फैसला लिया है। अब तीर्थ स्थल क्षेत्र में शराब और मांस की बिक्री नहीं होगी। इस पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। भाजपा सरकार ने ब्रज में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए यह फैसला लिया है। गौरतलब है कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संतों की इच्छा के अनुरूप मथुरा तीर्थ क्षेत्र में मांस और मदिरा की बिक्री पर रोक लगाने का वादा किया था।

# घर जा रही टीचर से बाइक सवार दो बदमाशों ने लूटी चेन

लखनऊ। अस्पताल से वापस घर जा रही टीचर से ईको गार्डेन के पास बाइक सवार बदमाशों ने शिक्षिका के गले से चेन लूट ली। जब तक वह कुछ समझ पाती, तब तक आरोपित मौके से फरार हो



गए। पीड़िता ने शुक्रवार को इको गार्डेन पहुच कर पुलिस से शिकायत करी है। पुलिस शिकायत की सूचना पर आस पास लगे सीसीटी फुटेज खंगालने के साथ ही बदमाशो की तलाश शुरु कर दी है। अलीगंज के दयाल फोर्ट कलोनी निवासी अनीता सिंघल (५५) पत्नी अनिल कुमार अपने परिवार के साथ रहती हैं,और एक निजी स्कूल में टीचर हैं। उन्होनें जानकारी देते हुए बताया कि बीती गुरुवार शाम करीब ७ बजे आशियाना थाना के बंगला बाजार में स्थित अस्पताल से डाक्टर को दिखा कर वापस बेटी के ससुराल गीतापल्ली जा रही थी,उसी दौरान एक बाइक पर दो युवक आए और झपट्टा मारते हुए सोने की चेन लूट ली। जब तक शिक्षिका कुछ समझ पाती, तब तक आरोपित मौके से फरार हो गए। चौकी प्रभारी ईको गार्डन सुरजीत यादव ने बताया कि पीड़िता शुक्रवार शाम को शिकायत लेकर आई थी उनकी शिकायत पर जांच की जा रही है।

# बुजुर्ग महिला से पुलिस कर्मी बन टप्पेबाजों ने उतरवाए गहने

लखनऊ। आशियाना कोतवाली क्षेत्र में बेखौफ अपराधी पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर टप्पेबाजी व लूट जैसी घटनाओं को सफलता पूर्वक अंजाम दे पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं और स्थानीय पुलिस विफल होती नजर आ रही हैं । वहीं बेखौफ बदमाशों ने गुरुवार को थाना क्षेत्र में रहने वाली अपनी बेटी से मिलने आई एक बुजुर्ग महिला को निशाना बना पुलिस कर्मी बन कीमती जेवर उतरवा लिए और जेवर के बदले कंकड़ थमा चलते बने । पीड़िता ने स्थानीय थाने पर लिखित शिकायत की है वहीं पुलिस सीसी टीवी कैमरे में टप्पेबाजो का पहचान करने में जुटी हैं ।आलमबाग साकेत पुरी आजाद नगर निवासी सत्तर वर्षीय बुजुर्ग कंशना देवी पत्नी स्व वासुदेव प्रसाद की विवाहिता बेटी उर्मिला अपने परिवार संग आशियाना के रुचि खण्ड मकान संख्या एम आई जी१/१२५ में रहती हैं । पीड़िता के मुताबिक वह गुरुवार को अपने बेटी के घर वैक्सीन लगवाने आई थी इसी दौरान रुचि खण्ड द्वितीय मेन रोड पर दो युवकों ने अपने को पुलिस कर्मी बता रोका और बदन पर पहने जेवर को लेकर फटकार लगाते हुए जेवर उतारने को कहा । जब वह जेवर उतार रखने लगी तो एक युवक ने हाथ से जेवर ले लिए और कागज में लपेट थमा कर मोटरसाइकिल पर बैठ चलते बने। पीड़िता के मुताबिक कागज में कंकड़ के टुकड़े थे बदमाशों ने एक चेन, अंगूठी, सोने की बाली ले गए हैं। वहीं आशियाना कोतवाली प्रभारी बृजेन्द्र मिश्रा के मुताबिक पीड़िता ने लिखित शिकायत की है पीड़िता की शिकायत पर जांच कर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# केमिकल गोदाम में भीषण आग–ताबड़तोड़ धमाकों से दहशत

लखनऊ। गणेशगंज सूर्या मार्केट स्थित केमिकल गोदाम में गुरुवार तड़के शार्ट सर्किट से आग लग गई। देखते–देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। गोदाम में भारी मात्रा में केमिकल के ड्रम और ब्लीचिंग पाउडर रखा था। आग के संपर्क में आने से धमाके के साथ केमिकल के ड्रम फटने लगे। जिससे अफरा–तफरी मच गई। आग और पानी के संपर्क में आने से ब्लीचिंग पाउडर से दमघोंटू धुंआ निकलने लगा। जिससे आग पर काबू पा रहे पांच दमकल कर्मियों की हालत बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। दो घंटे की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। उधर, सुरक्षा के दष्टिगत मार्केट के अन्य व्यापारियों ने बेसमेंट से केमिकल का गोदाम खाली करवाने को लेकर शुक्रवार दोपहर हंगामा किया। एफएसओ (फायर स्टेशन अफसर) हजरतगंज रामकुमार रावत ने बताया कि सूर्या मार्केट में व्यवसायी किशन लाल चड्ढा का गोदाम है। उसके ठीक सामने ही उनकी दुकान है। तड़के शार्ट सर्किट से आग लगी थी। लपटें निकल रही थीं। आस पड़ोस की दुकानों के बोर्ड और वायरिंग के तार भी जल रहे थे। सूचना पर जब दमकल कर्मी आनन–फानन बिजली की सप्लाई बंद कराई गई। दमकल कर्मी फायर फाइटिंग के लिए बेसमेंट में पहुंचे। पानी फेंकना जैसे ही शुरू किया। ब्लीचिंग पाउडर और केमिकल जैसे ही पानी के साथ आग के संपर्क में आया तो दमघोंट धुंआ फैल गया। चारों तरफ धुंध छा गया। दमकल कर्मियों को घुटन होने लगे। सांस नहीं ले पा रहे थे। गला सूख गया। एकाएक फायर मैन रवि पटेल, चालक ओमकार नाथ राव, झब्बू राम, रवि यादव और रोहित यादव की हालत बिगड़ गई। उन्हें आनन फानन बलरामपुर अस्पताल ले जाया गया।इसके बाद फायर



फाइटिंग के लिए दूसरे दस्ते को बीए (ब्रीदिंग आपरेटस सेट) पहनाकर उतारा गया। इस दस्ते ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। उधर, दमकल कर्मियों को दो से तीन घंटे के लिए बलरामपुर अस्पताल में आक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया। हालत सामान्य होने पर उन्हें सुबह अस्पताल से छुट्टी दी गई। रवि पटेल और ओमकार नाथ राव ने बताया कि धुंए के कारण उनकी आंखों में जलन होने लगी पूरे शरीर में खुजली हो रही थी और गला पूरा रुंध गया था।इंस्पेक्टर नाका मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि अभी व्यापरियों ने इस संबंध में कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलते ही मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# अलीनगर सुनहरा की बदहाल सड़कों से परेशान लोगों ने किया धरना प्रदर्शन


लखनऊ। सरोजनी नगर दितीय वार्ड के अन्तर्गत अलीनगर सुनहरा, लाला खेड़ा, नरायनपुरी व आस पास के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों ने शुक्रवार सुबह जानकारी होने पर एसडीएम सरोजनीनगर मौके पर पहुंचे और धरनारत प्रदर्शनकारियों को जल्द उनकी समास्याओं से निराकरण कराने का आश्वासन देकर धरना



कृष्णा नगर इलाके स्थित यातायात पार्क पर लाला खेड़ा सम्पर्क मार्ग पर उबड़–खाबड़ सड़कों को दुरुस्त कराने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करने लगे। वहीं धरने की समाप्त कराया। वहीं धरना प्रदर्शन कर रहे व्यापार मण्डल के नवयुवक अध्यक्ष कमलेश यादव, विनय सिंह, प्रताप सिंह समेत स्थानीय लोगों का कहना था कि यह इलाका करीब ३५ वर्षों से नगर निगम के अन्तर्गत आता है। वहीं पिछले कई वर्षों से अलीनगर सुनहरा लाला खेड़ा सम्पर्क मार्ग बदहाल पडा हुआ है जिसपर काफी बड़े–बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिसके कारण आएदिन दुर्घटनाएं होती रहती है। जिसकी शिकायत हमलोगो ने सांसद, विधायक व महापौर समेत अपने जनप्रतिनिधि से पहले भी कई बार कर चुके हैं लेकिन वहां से हमें सिर्फ आश्वासन ही मिला लेकिन हमलोगो की समास्याओं का निराकरण आज तक नहीं हो सका है। जिसके चलते सरोजनी नगर लाला खेड़ा सम्पर्क मार्ग का सुधार करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया है। वहीं एसडीएम सरोजनीनगर ने मौके पर पहुंचकर जल्द उनकी समास्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया है।

# राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय प्रयागराज की आधारशिला रखी

लखनऊ। प्रयागराज के दौरे पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने झलवा में उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय प्रयागराज की आधारशिला रखी। इसके बाद ही उत्तर प्रदेश सरकार ने भी एक कदम बढ़ा दिया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज के उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय प्रयागराज का नामकरण भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के नाम पर करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय विश्व स्तरीय विधि शिक्षा का केंद्र बनेगा। आज राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने २६७ करोड़ की लागत से प्रयागराज में बनाए जाने वाले इस राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी।प्रयागराज के झलवा में उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के निर्माण का



कार्य भी शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। प्रयागराज में इलाहाबाद हाई कोर्ट होने के कारण लम्बे समय से राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की भी प्रतीक्षा थी। प्रयागराज ने देश को मदन मोहन मालवीय, मोतीलाल नेहरू, तेज बहादुर सप्रू व कैलाश नाथ काटजू जैसे अधिवक्ता दिए हैं। राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय कानूनी शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए बेहद जरूरी माना जा रहा था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके आधारशिला रखे जाने के कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा कि विधि विश्वविद्यालय का नाम देश के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद के नाम पर रखने का सुझाव दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनका संगमनगरी से आत्मीय नाता था। अपने जीवनकाल में वह हर कुंभ में आए। इसके बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने इसका नामकरण भी कर दिया।

# 30 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

लखनऊ। गोसाई थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक युवक को २० लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ किया गिरफ्तार पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोसाई पुलिस शांति व्यवस्था हेतु क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी कि तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक के पास हाथ में प्लास्टिक की पिपिया में अवैध कच्ची शराब लिए हुए मौजूद है गोशाई पुलिस मुखबिर के बताए हुए स्थान पर जा पहुंची जहां पर संदिग्ध एक युवक अपने घर के सामने हाथ में प्लास्टिक की पिपिया लिए हुए दिखाई पड़ा युवक पुलिस को देखते ही वह भागने का प्रयास करने लगा लेकिन पुलिस ने उसे दौड़ाकर मौके पर ही दबोच लिया नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम जगमोहन पुत्र साहिबदीन सिटकिहा कला मजरा धौरहरा थाना गोसाईगंज बताया जामा




तलाशी के दौरान युवक के पास से प्लास्टिक की पिपिया में २० लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया गोसाईगंज पुलिस युवक को थाना लेकर आई आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया

# योगी ने दिया दो अनुभाग अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार के मामले सामने आने पर किसी भी प्रकार की ढील देने के पक्ष में नहीं हैं। इसी क्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ ने नियुक्ति विभाग में अनियमितता मिलने पर दो अनुभाग अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नियुक्ति व कार्मिक विभाग के दो अनुभाग अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है। सीएम योगी आदित्यनाथ के इस निर्देश पर इन दोनों के खिलाफ विजिलेंस जांच का आदेश दिया गया है। इसके बाद भी दोनों अभी अपने पद पर जमे हैं। योगी आदित्यनाथ सरकार प्रदेश में किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार पर वार करने से चूक नहीं है। मुख्यमंत्री के भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत प्रदेश सरकार के नियुक्ति विभाग के दो अफसरों के खिलाफ विजिलेंस जांच की जाएगी। प्रदेश सरकार को भेजी गई शिकायत में नियुक्ति विभाग के अनुभाग अधिकारी पर लम्बे समय से भ्रष्टाचार में संलिप्तता के साथ ही साथ ट्रांसफर–पोस्टिंग में वसूली कर अवैध संपत्ति बनाने का आरोप है।इनमें से एक के पास लम्बे समय से आइएएस अधिकारियों की शिकायतों की जांच के साथ ही पीसीएस अफसरों के ट्रांसफर व जांच की जिम्मेदारी है। सीएम योगी आदित्यनाथ के इनके खिलाफ विजिलेंस जांच के आदेश देने के बाद भी अभी तक दोनों अफसरों को नियुक्ति विभाग ने हटाया नहीं है।इन दोनों के खिलाफ दो दर्जन से अधिक पीसीएस अफसरों से ट्रांसफर–पोस्टिंग के नाम पर वसूली का आरोप है। इन दोनों की शिकायत करने वाले लखनऊ के सीतापुर रोड निवासी संत कुमार ने बताया कि दोनों नियुक्ति व कार्मिक विभाग के अनुभाग ५ और ३ में तैनात हैं। इन पर अफसरों की अनुशासनिक कार्रवाई समाप्त करने की एवज में छह से आठ लाख रुपए लेने का आरोप हैं। शासन को भेजे गए शिकायत पत्र में नौ बिंदुओं के साथ अनुभाग अधिकारियों पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

# नड्डा ने उत्तर प्रदेश के बूथ अभियान का शुभारंभ किया

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश (जेपी) नड्डा ने शनिवार को भाजपा उत्तर प्रदेश के बूथ अभियान का शुभारंभ किया। वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बूथ विजय अभियान का शुभारंभ करने के बाद नड्डा ने भारतीय जनता पार्टी के बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया। उनका स्वागत भारतीय जनता



पार्टी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने किया।जेपी नड्डा ने इस दौरान बूथ के सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने राज्य में विकास के सारे रिकर्ड को तोड़ा है। अब इसको आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी संगठन की है। उन्होंने कहा कि इसको आगे हमें बूथ से लेकर यूथ तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि इसका हमें बड़ा लाभ होगा और इसके बाद तो उत्तर प्रदेश में पुनरू प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा का सरकार बनना तय है। हमारे सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं की शक्ति ही हमारे लिए अमूल्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा ही समर्पण के तहत मानव सेवा और कर्मठता की मिशाल पेश की है। अभी तक सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ हमने चुनाव जीते हैं। अगले चुनाव भी हम अपने कार्यों और कार्यकर्ताओं के सामर्थ्य के बल पर ही जीतेंगे। जे पी नड्डा ने कहा कि हमारा बूथ कोरोना मुक्त अभियान काफी सफल रहा है। कोई विश्वास नहीं करता था कि कोरोना मुक्त बूथ बनाने में भाजपा या भाजपा कार्यकर्ता आकर ऐसा कार्य करेंगे। हमारे कार्यकर्ताओं ने संकट के समय, विषम परिस्थितियों में मानवता की सेवा का कार्य किया।नड्डा ने कहा कि जहां तक उत्तर प्रदेश की बात है तो यहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। उत्तर प्रदेश में उनके मुकाबले में दूर–दूर तक कोई नहीं है। उनके काम को देखकर उत्तर प्रदेश की जनता काफी संतुष्ट है। उन्होंने हर संकट के समय में प्रदेश को बड़ा सहारा दिया है। सभी के हित के बारे में सोचने वाले सीएम योगी आदित्यनाथ बेहक कर्मठ हैं। उत्तर प्रदेश की जनता ने वैश्विक महामारी के दौरे में उनकी कर्मठता को देख लिया है। उन्होंने कहा कि आज मुझे बूथ विजय अभियान में आप सबके साथ शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।मैं अपनी ओर से और पार्टी की ओर से आप सबका धन्यवाद करता हूं।भाजपा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने भाजपा उत्तर प्रदेश के मुख्यालय से नड्डा का स्वागत करते के बाद कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा के २,७०० शक्ति केंद्रों पर लाखों कार्यकर्ता मजबूती के साथ खड़े हैं। यह सभी कार्यकर्ता भाजपा सरकार के विकास कार्यों को हर घर तक पहुंचा कर हर बूथ को मजबूत बनाएंगे।

# मुख्तार अंसारी को लखनऊ एमपी/एमएलए कोर्ट में नहीं किया गया पेश

लखनऊ। वर्ष २००० में कारापाल व उपकारापाल पर हमला, जेल में पथराव व जानमाल की धमकी देने के एक मामले में अभियुक्त मुख्तार अंसारी को शुक्रवार को भी एमपी–एमएलए की विशेष अदालत में पेश नहीं किया जा सका। इस संदर्भ में कोई आख्या भी नहीं भेजी गई। लिहाजा अदालत ने इसे अत्यंत आपत्तिजनक करार दिया। विशेष जज पवन कुमार राय ने एक बार फिर से मुख्तार की पेशी के लिए मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव गृह, पुलिस महानिदेशक, पुलिस आयुक्त व जिलाधिकारी लखनऊ तथा अतिरिक्त महानिदेशक कारागार के साथ ही बांदा जेल के वरिष्ठ अधीक्षक को पत्र भेजने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में अभियुक्त मुख्तार अंसारी पर आरोप तय होना है, लेकिन बार–बार आदेश देने के बाद भी उसे पेश नहीं किया जा रहा है। कोई आख्या भी नहीं भेजी जा रही है। जबकि यह मामला पिछले



२० साल से लंबित है। इसी के चलते पिछली सुनवाई पर मुख्तार की पत्रावली अलग कर अन्य अभियुक्त लाल जी यादव, कल्लू पंडित, युसुफ चिश्ती व आलम के खिलाफ आरोप तय कर दिया गया। अब साक्ष्य की कार्यवाही शुरु होनी है। ऐसी स्थिति में मुख्तार अंसारी के संदर्भ में आख्या आना आवश्यक है। बावजूद इसके अभियोजन कोई रुचि नहीं ले रहा है, जिससे कार्यवाही आगे नहीं बढ़ पा रही है। यह अत्यंत आपत्तिजनक है। इस मामले में तीन अप्रैल २००० को लखनऊ के कारापाल एसएन द्विवेदी ने थाना आलमबाग में एफआइआर दर्ज कराई थी। बाराबंकी में विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए कोर्ट में एंबुलेंस प्रकरण में मुख्तार अंसारी की पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए गुरुवार को थी। पीठासीन अधिकारी कमल कांत श्रीवास्तव ने सुनवाई की। अगली तिथि २३ सितंबर निर्धारित की। मुख्तार के वकील रणधीर सिंह सुमन ने मुख्तार को जेल में टीवी व अन्य सुविधाएं जेल मैनुअल के अनुसार न दिए जाने की आपत्ति भी अदालत से की।

# लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने 20 माह में 762 पर लगाया गैंगेस्टर

लखनऊ। पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू हुए २० माह से ज्यादा हो गए। इस दौरान पुलिस ने अपराधियों और मनबढ़ लोगों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की। हत्या, लूट, धोखाधड़ी, दुष्कर्म समेत अलग अलग मामलों में पुलिस ने जमानत पर रिहा होने वाले अथवा फरार चल रहे ७६२ बदमाशों के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई की है।आंकड़ों के मुताबिक करीब हर रोज लखनऊ में गैंगेस्टर की कार्रवाई हुई।खास बात ये है कि पुलिस ने लखनऊ के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक संपत्ति जब्त की है। इसकी कीमत तीन अरब ४६ करोड़ १० लाख एक हजार ५३७ रुपये है। वर्ष २०१६–२० में सिर्फ चार करोड़ ८६ लाख ६८ हजार ६४८ रुपये की संपत्ति जब्त की गई थी। इससे पहले २०१८–१६ में ऐसी कोई कार्रवाई ही नहीं हुई थी।आंकड़ों के मुताबिक कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद वांछित अपराधियों की धरपकड़ तेज हुई है। अब तक कमिश्नरेट पुलिस ने ३६,६७६ वांछितों को गिरफ्तार कर नया रिकार्ड बनाया है। इस दौरान पुलिस के दबाव में २६३७ लोगों ने कोर्ट में समर्पण भी किया है, जबिक २७२४ लोगों की भूमिका अपराध में नहीं पाई गई, जिसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया। वर्तमान में महज १६५ वांछित शेष हैं, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस की ओर से १० लोगों के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई की जा चुकी है। क्या है गैंगेस्टर एक्ट संगठित रूप से अपराध कर किसी उद्देश्य को हासिल करने वालों के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई होती है।अपराध करने वाले एक से अधिाक होते हैं। गिरोह बनाकर करोड़ों अरबों रुपये हड़पने वालों की संख्या लखनऊ में सबसे ज्यादा है। ऐसे ठगों के खिलाफ पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। अपराधियों में खौफ गैंगेस्टर एक्ट का अपराधियों में खौफ रहता है। जेल में बंद बदमाशों पर गैंगेस्टर लगाया जाता है। इसके आधार पर पुलिस बदमाशों को जमानत मिलते ही गिरफ्तार कर सकती है। खास बात ये है कि गैंगेस्टर एक्ट में आसानी से जमानत भी नहीं मिलती। इस एक्ट के लगने के बाद पुलिस आरोपितों की अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्ति भी जब्त कर सकती है।

## दिल्ली के सब्जी मंडी इलाके की चार मंजिला इमारत ढही, कई लोगों के फंसे होने की संभावना

नयी दिल्ली। राजधानी दिल्ली के सब्जी मंडी इलाके में बड़ा हादसा हो गया है। आपको बता दें कि सब्जी मंडी इलाके की चार मंजिला इमारत अचानक से ढह गई। जिसके मलबे में कई लोगों के फंसे होने की संभावना जताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक दमकल विभाग को सुबह १२ बजे के करीब इमारत गिरने की जानकारी मिली। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक एक व्यक्ति को बचा लिया गया है और उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। बताया जा रहा है कि इमारत रिहायशी इलाके में मौजूद थी और उसके पहली और



दूसरी मंजिल में कई परिवार रहते थे। फिलहाल राहत और बचाव कार्य तेजी से चल रहा है।

## लूटी गई चेन संग दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार

लखनऊ। आशियाना पुलिस ने शनिवार को दो शातिर चेन लुटेरों को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार , किया है। पकड़े गए लुटेरों के पास से पुलिस ने लूट की चेन बरामद किया है। वहीं पुलिस ने शातिर लुटेरों के खिलाफ लूट व चोरी की घाराओ में थाने में दर्ज मुकदमे में कारवाई करते हुए जेल भेज दिया है।आशियाना थाना प्रभारी बृजेन्द्र मिश्रा ने पकड़े गए शातिर लुटेरों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र स्थित सैनिक नगर गेट के सामने तिराहे से दो लुटेरों को घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल नम्बर यूपी ३२ डीडी १४८७ पल्सर बाइक संग गिरफ्तार किया गया है। वहीं शातिरों के पास से लूट की चेन के दो टुकड़े बरामद किया गया है। वहीं पुलिस की गिरफ्त में आए शातिर लुटेरों ने अपना परिचय मोहम्मद आसिफ पुत्र यासीन निवासी पुराना बुलाकी अड्डा थाना बाजारखाला लखनऊ, मूल रूप से चक्कर की मिलक थाना सिविल




लाइन जनपद मुरादाबाद व शब्बू पुत्र लियाकत निवासी पुराना बुलाकी अड्डा थाना बाजारखाला लखनऊ,मूल निवासी चक्कर की मिलक थाना सिविल लाइन जनपद मुरादाबाद के रूप में दिया है। वहीं पुलिस ने पकड़े गए शातिरों के खिलाफ लूट व चोरी की धाराओं में दर्ज मुकदमे के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

# राजस्थान पुलिस की मदद से यूपी एसटीएफ ने राजस्थान में पकड़े पांच गांजा तस्कर

लखनऊ। यूपी स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने राजस्थान पुलिस की मदद से अलवर में पांच गांजा तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। ये तस्कर उड़ीसा से फर्जी ई–वे बिल के जरिए ट्रक में गांजा लादकर लाये थे। ये गिरोह गांजा की सप्लाई पश्चिमी उत्तर प्रदेश व राजस्थान के विभिन्न जिलों में करता था। ट्रक में गांजे को जूट की बोरियों के बीच छिपाकर रखा गया था। सभी आरोपितों के विरुद्ध अलवर के थाना अरावली बिहार में मुकदमा दर्ज कराया गया है।यूपी एसटीएफ के अनुसार बिहार निवासी राकेश कुमार यादव, मथुरा निवासी प्रमोद सिंह व अखिलेश शर्मा उर्फ पंडित, गाजियाबाद निवासी रिंकू व लाखन सिंह को गांजा तस्क्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से ट्रक में लदा २५ क्विंटल गांजा, ब्रीजा कार, नौ मोबाइल फोन, दो फर्जी ई–वे बिल व समेत अन्य्य कई दस्तावेज मिले हैं। आरोपितों को अलवर (राजस्थान) के ग्राम समोला के पास हाईवे से पकड़ा गया है। तस्करों के बारे में मिली गोपनीय सूचनाओं के आधार पर यूपी एसटीएफ के इंस्पेक्टर ज्ञानेंद्र कुमार राय के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी। पता चला था कि मथुरा निवासी राकेश कुमार यादव व प्रमोद सिंह उड़ीसा से ट्रक में गांजा की तस्करी करा रहे हैं। गांजा तस्क्करी के लिए साजिश के तहत ई–वे बिल बनाए गए थे। गिरोह में ट्रक चालक रिंकू सिंह व लाखन सिंह भी शामिल थे। गिरोह गांजा की सप्लाई मथुरा, आगरा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों के अलावा राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में करता था। बरामद गांजा की सप्लाई अलवर में की जानी थी। गिरोह से २५ से ३५ हजार रुपये में एक किलो गांजा सप्लाई करता था। चालक को एक चक्कर का एक लाख रुपये व क्लीनर को २५ हजार रुपये तक भुगतान किया जाता था।

# अद्भुत अस्पताल : पेड़ पौधों का अस्पताल

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

अस्पताल के बारे में हर कोई जानता है. हर आदमी का साबका अस्पताल कभी न कभी पड़ता ही है. आपने इंसानों और जानवरों के अस्पतालों और एंबुलेंस के बारे में सुना और देखा होगा. लेकिन आज आपको हम एक अनोखे अस्पताल और एंबुलेंस के बारे में बताएंगे. यह अस्पताल अपने आप में नायाब है और पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा भी देता है. यह दुनिया का पहला और अनोखा अस्पताल है जहाँ पेड़ पौधों का इलाज होता है. दरअसल, यह अनोखा अस्पताल पंजाब के अमृतसर जिले में शुरू हुआ है. लोग इस अस्पताल की जमकर तारीफ कर रहे हैं . साथ ही यह अस्पताल लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है.

दरअसल, अब अमृतसर के इस अदभुत अस्पताल में पेड़–पौधों का इलाज होगा. खास बात यह है कि इसमें लगभग ३२ तरह की बीमारियों का इलाज किया जाएगा. यह अनूठी शुरुआत आईआरएस अधिकारी रोहित मेहरा ने की है. उनका कहना है कि पेड़–पौधे जब बीमार पड़ें तो उन्हें उखाड़कर न फेंकें, क्योंकि उनका इलाज हो सकता है. आयुर्वेद को आधार बनाकर पौधों का इलाज किया जाएगा. इसी उद्देश्य से भारतीय राजस्व अधिकारी रोहित मेहरा ने देशही नहीं दुनिया की पहली 'ट्री एंबुलेंस' सेवा शुरू की है. रोहित मेहरा के अनुसार पेड़ों को पुनर्जीवित करने के लिए ट्री एंबुलेंस में ऐसे विशेषज्ञों की टीम बनाई गई है, जो पौधों की बीमारियों के इलाज में सक्षम है. ट्री एंबुलेंस में आठ वनस्पतिशास्त्री और पांच वैज्ञानिक शामिल हैं. इसमें ३२ तरह की अलग–अलग बीमारियों को ठीक करने की व्यवस्था है. जिन लोगों ने अपने घरों या पार्कों में बड़े–बड़े पेड़ लगाए हैं, उन्हें पेड़ों की देखभाल के लिए आगे आना होगा।

















# तालिबान से पत्रकारों की पिटाई वाली तस्वीरें वायरल, निशान देखकर कांप जाएंगी रूह

नई दिल्ली/काबुल। अफगानिस्तान में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं. मंगलवार को भी अफगानिस्तान की महिलाओं ने पाकिस्तान दूतावास



के सामने आंतरिक मामले में पाकिस्तान के कथित हस्तक्षेप के खिलाफ प्रदर्शन किया था. कहा जा रहा है कि इस प्रदर्शन के दौरान तालिबान की और से प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी तक कर दी गई. प्रदर्शन को लेकर तालिबान इतना ज्यादा बौखला गया कि प्रदर्शनकारियों को कवर कर रहे पत्रकारों को भी नहीं बख्शा. जानकारी के अनुसार अफगानिस्तान के कई पत्रकारों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया और उन्हें जेल भी भेज दिया गया. जेल भेजने के बाद पत्रकारों की बुरी तरीके से पिटाई की गई है.तालिबान में अफगानी पत्रकारों को ना सिर्फ गिरफ्तार किया बल्कि जेल में ले जाकर बुरी तरह से पिटाई भी की. पत्रकारों की पिटाई के बाद की तस्वीरें सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रही है. पत्रकारों की पिटाई इस बात को फिर से साबित करता है कि तालिबान सरकार में मानव अधिकार और प्रेस की स्वतंत्रता की उम्मीद करना बेवकूफी होगी. एक आधिकारिक चौनल से इन तस्वीरों को पोस्ट किया गया है जिसमें दो व्यक्ति अपने शरीर के जख्म दिखा रहे हैं. इनकी पहचान लस एंजेलिस टाइम्स के संवाददाता मारकर याम और एटिलेट्रोज (अफगान समाचार प्रकाशन ) के रूप में की गई है. बता दें कि पाकिस्तानी दूतावास के सामने महिलाएं पाकिस्तान द्वारा किए गए हस्तक्षेप का विरोध कर रही थी. आरोप है कि पंजशीर में हमने के लिए पाकिस्तान की ओर से तालिबान को हथियार और ड्रोन उपलब्ध कराए गए थे. इसी के विरोध में पाकिस्तानी दूतावास के सामने महिलाएं इकट्ठा हुई और पाकिस्तान विरोधी नारे लगाने लगी. इसके साथ ही महिलाएं सरकार में हिस्सेदारी को लेकर भी प्रदर्शन कर रही थी.

# आईपीएल 2021 : आरसीबी के रिप्लेसमेंट प्लेयर्स में हैं कुछ बेहतरीन स्किल्स विराट कोहली

मुंबई। IPL 2021 का आगाज १६ सितंबर से यूएइ में होने जा रहा है। यह IPL का दूसरा चरण है। पहला चरण भारत में हुआ था जो कोरोना के कारण स्थगित कर दिया गया। सभी टीम के खिलाड़ी धीरे–धीरे यूएइ पहुंच रहे है। ऐसे में त्ब्ठ के कप्तान विराट कोहली यूएई पहुंच चुके है। रॉयल चौलेंजर्स



बैंगलोर के कप्तान विराट कोहली ने कहा कि जो खिलाड़ी टीम में शामिल हो रहे हैं उनके पास बेहतरीन कौशल है। उन्होंने कहा कि अभ्यास सत्र में उन्हें पूरे समूह के साथ देखने के लिए वह बहुत उत्साहित हैं। एडम जम्पा, डेनियल सैम्स, फिन एलन, केन रिचर्डसन और वाशिंगटन सुंदर विभिन्न कारणों से यूएई में आईपीएल २०२१ के दूसरे चरण के लिए अनुपलब्ध ा हैं। आरसीबी ने वनिन्दु हसरंगा, दुष्मंथा चमीरा, टिम डेविड, जॉर्ज गार्टन और आकाश दीप को उनके रूप में चुना है। कोहली ने सोमवार को फ्रेंचाइजी द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि मैं सभी के संपर्क में रहा हूं। हमने पिछले एक–एक महीने में चर्चा की है इसके साथ थोड़ी देर और रिप्लेसमेंट में कौन आ रहा है कौन नहीं। आखिरकार हमने अपने प्रमुख खिलाड़ियों को कुछ उच्च गुणवत्ता वाले क्रिकेटरों के साथ बदल दिया। हमारे प्रमुख खिलाड़ी छूट जाएंगे और वे परिवार का हिस्सा हैं। लेकिन आने वाले लोगों के पास कुछ बेहतरीन कौशल हैं, खासकर इन परिस्थितियों में। मैं उन्हें पूरे समूह के साथ अभ्यास में देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं और एक बहुत अच्छे सत्र को फिर से शुरू करने के लिए बहुत उत्साहित हूं जिसे हमने पिछली बार शुरू किया था। कोहली अगले डेढ़ महीने के लिए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टी२० क्रिकेट के चरण में कदम रखने को लेकर उत्साहित हैं। टी२० चरण में आगे बढ़ते हुए मुझे लगता है कि यह एक बहुत ही रोमांचक चरण होने जा रहा है और आरसीबी में हमारे लिए और फिर विश्व कप में भी भारतीय टीम के लिए हर खिलाड़ी महत्वपूर्ण है।भारतीय कप्तान ने मैनचेस्टर में पांचवां टेस्ट रद्द होने के बाद उम्मीद से पहले यूएई में उतरने की ओर इशारा किया। दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम यहां जल्दी कैसे पहुंच गए। लेकिन कोविड के साथ, चीजें बहुत अनिश्चित हैं। ऐसे में कभी भी कुछ भी हो सकता है। उम्मीद है कि हम एक अच्छा, मजबूत सुरक्षित वातावरण बनाए रखने में सक्षम हैं और एक गुणवत्ता वाले आईपीएल और फिर विश्व कप में हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज दुबई में आरसीबी टीम के साथ जुड़ने और दूसरे चरण में आगे बढ़ने पर उत्साहित थे। इतने दिनों के बाद आरसीबी परिवार से जुड़ना। मैं बहुत उत्साहित हूँ। हम अंक तालिका में अच्छी स्थिति में हैं इसलिए यह काफी मजेदार होगा। हमारे पास बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं इसलिए हम इसके लिए तत्पर हैं। सच कहूं तो मेरा करियर यहां से आगे बढ़ा है इसलिए मैं वापस आने के लिए बहुत उत्साहित हूं। ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला में जहां मैं प्रमुख विकेट लेने वाला गेंदबाज था मैं इसी तरह की जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार हूं। रविवार को दुबई पहुंचने के बाद कोहली और सिराज अब छह दिनों के लिए नियमों के तहत क्वारंनटीन में है। आरसीबी सात मैचों में १० अंक के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। वे २० सितंबर को अबू धाबी में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल २०२१ के दूसरे चरण की शुरुआत करेंगे।

# ईको गार्डन धरना स्थल पर बारह सूत्रीय मांगों को लेकर आई डी ए ने किया धरना प्रदर्शन

लखनऊ। आलमबाग इलाके स्थित ईको गार्डन धरना स्थल पर शनिवार सुबह इंडियन डेमोक्रेटिक एलाइन्स के बैनर तले एक जुट होकर संगठन कार्यकर्ताओं ने बहुजन समाज के उत्थान के लिए बारह सूत्रीय मांगों को लेकर एक




दिवसीय धरने में बैठ गए और मांगों को लेकर प्रदर्शन करने लगे। इस धरने का नेतृत्व कर रहे संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष साहब सिंह धनगर ने बताया कि सत्तारूढ़ दलों की गलत नीतियो के कारण नब्बे प्रतिशत बहुजन समाज को उनका हक अधिकार नहीं मिला पा रहा है। जिस कारण बहुजनो की आर्थिक, शैक्षिक, सामाजिक एवं राजनीतिक दशा बहुत दैनिए है। हमारी प्रमुख मांगों में सभी जातियों एवं वर्गों की जातिगत जनगणना कराया जाए, सभी धर्मों वर्गों समुदायो को उनकी जनसंख्या के अनुपात में शिक्षा, नौकरी, व्यापार, समेत सभी क्षेत्रों में हिस्सेदारी दिलाया जाए। देश में एक शिक्षा नीति लागू की जाए एवं शिक्षा का राष्ट्रीय करण किया जाए, कृषि क्षेत्र को उधोग का दर्जा दिया जाए, पिछड़े वर्ग एवं अल्पसंख्यकों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में एवं महिलाओं को ३३ प्रतिशत हिस्सेदारी विधानमंडलों एवं संसद में दी जाए, विधानसभा एवं लोकसभा का चुनाव बैलेट पेपर से किया जाए। खाली पडी ेंषक जमीनें षकों को दिया जाए। बीएड टेट २०११ के लिए वर्ष २०१८ में गठित कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग समेत कई सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते रहे।

# पीसीबी अध्यक्ष बने रमीज राजा पद संभालते ही कहा-फिर पाकिस्तान को बना दूंगा सबसे खतरनाक टीम

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान रमीज राजा को सोमवार को सर्वसम्मति से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का नया अध्यक्ष चुन लिया गया है. रमीज अब एहसान मनी की जगह अगले तीन साल तक



यह पद संभालेंगे. बता दें कि इसके पहले भी रमीज इस पद पर रह चुके हैं. यह रमीज का पीसीबी के साथ दूसरा कार्यकाल होगा. वह २००३ से २००४ तक बोर्ड के मुख्य कार्यकारी रह चुके हैं.बोर्ड की विशेष बैठक की अध्यक्षता पीसीबी के चुनाव आयुक्त जस्टिस शेख अजमत सईद ने की. रमीज का नामांकन प्रधानमंत्री और बोर्ड के मुख्य संरक्षक इमरान खान ने किया था . पाकिस्तान के लिये १६८४ से १६६७ के बीच २०५ से अधिक मैच खेलकर ८६७ फैसले पर अपनी सहमति जताई है. पूर्व खिलाड़ियों का कहना हा कि इसके पहले भी जब रमीज अध्यक्ष बने थे तो बोर्ड ने अच्छा प्रदर्शन किया था. ऐसे में पाकिस्तान के खिलाड़ियों को उम्मीद है कि आने वाले सनय में पाकिस्तान के प्रदर्शन में सुधार होगा. घोषणा के बाद रमीज राजा ने मैं पीसीबी अध्यक्ष पद के लिये मेरा चुनाव करने पर आप सभी का शुक्रगुजार हूं. आने वाले समय पर मैदान से भीतर और बाहर मजबूती से विकास के लिये आपके साथ मिलकर काम करूंगा. मेरा मकसद पाकिस्तानी पुरुष क्रिकेट टीम को वही मानसिकता, जज्बा और संस्ेंति देना है जिसके दम पर पाकिस्तानी टीम दुनिया की सबसे खतरनाक टीमों में से एक हुआ करती थी।

# लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह को राज्यपाल बना भाजपा सरकार ने चला बड़ा दांव, एक तीर से साधे कई निशाने

नई दिल्ली। हाल में ही राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त गुरमीत सिंह को उत्तराखंड का राज्यपाल बनाया। गुरमीत सिंह की नियुक्ति पूर्व राज्यपाल बेबी रानी मौर्य के इस्तीफे के बाद हुई। भले ही राज्यपाल का पद सियासत से दूर होता है लेकिन राज्यपालों की नियुक्तियां राजनीति में बड़ा महत्व रखती हैं। एक बार फिर गुरमीत सिंह को राज्यपाल बनाए जाने के बाद इसके सियासी मायने निकाले जाने लगे हैं। गुरमीत सिंह की नियुक्ति को अगले साल होने जा रहे उत्तराखंड और पंजाब में विधानसभा चुनाव को जोड़ा जा रहा है। लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त गुरमीत सिंह की उत्तराखंड के राज्यपाल के तौर पर नियुक्ति भाजपा को अगले चुनाव में कई मायनों में सियासी फायदा भी पहुंचा सकती है। दरअसल, कहा जाता है कि उत्तराखंड में ज्यादातर परिवारों में से कोई ना कोई सदस्य सेना में होता है। अगर किसी परिवार का सदस्य सीधे तौर पर सेना में ना हो तो उसका



सगा–संबंधी तो जरूर होता है। वहां बड़ी तादाद में पूर्व सैनिकों की संख्या है। ऐसे में पार्टी गुरमीत सिंह की नियुक्ति कर सैनिकों को साधने की कोशिश में है। उत्तराखंड में सिखों की आबादी भी अच्छी खासी है खास करके उधम सिंह नगर में।इसके साथ ही गुरमीत सिंह की राज्यपाल के तौर पर नियुक्ति इसलिए भी अहम हो जा रही है क्योंकि उत्तराखंड में आम आदमी पार्टी ने वहां अपना मुख्यमंत्री उम्मीदवार रिटायर कर्नल अजय कोठियाल को बनाया है। अजय कोठियाल कीर्ति चक्र से सम्मानित हैं। इसके अलावा उनकी छवि भी साफ है। उन्हें बहादुरी की मिसाल भी कहा जाता है। कोठियाल २०१३ में विनाशकारी हिमालयन सुनामी के दौरान भी जमीन पर रहकर काम करते रहे। आने वाले विधानसभा चुनाव को आम आदमी पार्टी देशभक्त बनाम नेता का मुद्दा बना रही है। ऐसे में कोठियाल के काट के तौर पर गुरमीत सिंह को राज्यपाल बनाया गया है। गुरमीत सिंह सिख हैं। वह पंजाब के रहने वाले हैं। ऐसे में उनकी नियुक्ति पंजाब में भाजपा को फायदा पहुंचा सकती है। पंजाब में भाजपा को झटका इसलिए भी लग सकता है क्योंकि वहां किसान आंदोलन चल रहा है। ऐसे में गुरमीत सिंह के जरिए भाजपा सिख समुदायों को यह संदेश देने की कोशिश कर रही है कि पार्टी आप लोगों को साथ लेकर चलती है।

# कोविड संक्रमण अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ, टीकाकरण के बाद भी प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करें : नवनीत सहगल

लखनऊ। अपर मुख्य सचिव 'सूचना' नवनीत सहगल ने बताया कि मुख्यमंत्री जी के ३टी ट्रेस, टेस्ट और ट्रीट अभियान के अभिनव प्रयास से प्रदेश में कोरोना संक्रमण नियंत्रित है। अन्य प्रदेशों में कोविड के केस बढ़ रहे है। उन्होंने बताया कि ३टी के कारण ही ३० अप्रैल, २०२१ के एक्टिव मामले ३,१०,७८३ से घटकर मात्र १७५ हो गये है तथा ३० अप्रैल के प्रतिदिन कोविड केस ३८ हजार से घटकर १४ हो गये है। निगरानी समितियों द्वारा घर–घर जाकर जानकारी प्राप्त करने का अभिनव प्रयोग केवल यू०पी० में हो रहा है। सर्विलांस के माध्यम से सरकारी मशीनरी द्वारा उत्तर प्रदेश की २४ करोड़ की जनसंख्या में से अब तक लगभग १७.२४ करोड़ से अधिक लोगों से उनका हालचाल जाना गया है। लक्षणयुक्त व्यक्तियों का टेस्ट कराकर संक्रमण होने पर निःशुल्क मेडिकल किट भी बांटी गयी है। सहगल ने बताया कि प्रदेश में सक्रिय मामले कम होने पर भी कोविड–१६ के टेस्ट करने की संख्या घटाई नहीं जा रही हैं। कोविड संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए समय से पहचान व इलाज जरूरी है। कल एक दिन में १,८०,५६६ कोविड टेस्ट किये गये है, अब तक ७,५१,२७,०८६ कोविड टेस्ट किये गये है जो कि देश में सर्वाधिक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सर्विलांस, टेस्टिंग एवं टीकाकरण का कार्य वृहद स्तर पर किया जा रहा है। प्रदेश में पहली डोज ७,२२,५७,४४३ तथा दूसरी डोज १,४६,५६,८७३ तथा कुल ८,६६,१७,३१६ डोजें लगायी गयी हैं, जोकि देश में सर्वाधिक है। सहगल ने बताया कि मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर बरसात के मौसम को देखते हुए डेंगू मलेरिया व अन्य वायरल बीमारियों के संदिग्ध मरीजों की पहचान के लिए प्रदेशव्यापी सर्विलांस अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत बरसात के बाद मच्छरजनित और जलजनित रोग से बचने के लिए साफ–सफाई का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अभियान को संचालित करने हेतु वरिष्ठ नोडल अधिकारियों को जनपदों में भेजा गया है। सहगल ने बताया कि मुख्यमंत्री जी आज जनपद अलीगढ़ में प्रधानमंत्री जी के शिलान्यास कार्यक्रमों का जायजा ले रहे है। मुख्यमंत्री जी कल १४ सितम्बर, २०२१ को जनपद अलीगढ़ में प्रधानमंत्री जी के प्रस्तावित डिफेंस इण्डस्ट्रियल करिडोर एवं राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम में जायेंगे। परियोजना में स्थानीय लोगों को लाभ होगा। विश्वविद्यालय के माध्यम से आधुनिक शिक्षा व विद्या से क्षेत्रीय युवा पारंगत होंगे। उन्होंने बताया कि कोविड संक्रमण अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए सभी लोग कोविड अनुरूप आचरण करे। टीकाकरण के बाद भी कोविड प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करें।

# उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में पीसीएस अफसरों के तबादले

लखनऊ । उत्तर प्रदेश शासन ने शनिवार को बड़ी संख्या में पीसीएस अधिकारियों को तबादला किया है। प्रदेश का नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग लम्बे समय से एक स्थान पर जमे अधिकारियों के तैनाती स्थल में फेरबदल कर रहा है प्रदेश शासन ने लखनऊ में एडीएम ट्रांस गोमती के पद पर तैनात विश्व भूषण मिश्रा को एडीएम प्रशासन, नागरिक उड्डयन निदेशालय, लखनऊ के पद पर तैनात किया गया है। कानपुर में सिटी मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात हिमांशु कुमार गुप्ता को एडीएम ट्रांस गोमती, लखनऊ के पद पर भेजा है। अपर नगर आयुक्त लखनऊ अमित कुमार अब एडीएम ई रायबरेली, पंकज कुमार वर्मा एडीएम एफध्आर कानपुर अब एडीएम एफध्आर महराजगंज होंगे। एसडीएम चंदौली के पद पर तैनात प्रदीप कुमार को सिटी मजिस्ट्रेट बलिया के पद पर तैनाती मिली है। विनीत सिंह एडीएम सिटी गोरखपुर व नागेन्द्र सिंह एडीएम एफध्आर देवरिया होंगे।अभी तक एसडीएम उन्नाव के पद पर तैनात रहे प्रदीप वर्मा अलीगढ़ के सिटी मजिस्ट्रेट होंगे। एसडीएम एटा राजीव पाण्डेय को बरेली का सिटी मजिस्ट्रेट बनाया गया है। एडीएम सिटी शैलेन्द्र कुमार सिंह गाजियाबाद को अब यमुना एक्सप्रेस–वे अथारिटी के ओएसडी के पद पर तैनाती मिली है। सिटी मजिस्ट्रेट गाजियाबाद विपिन कुमार को एडीएम सिटी गाजियाबाद तथा ओएसडी ग्रेटर नोएडा अविनाश त्रिपाठी को सिटी मजिस्ट्रेट गाजियाबाद बनाया गया है। अमित भट को सिटी मजिस्ट्रेट मेरठ, तथा राम भरत तिवारी को एडीएम एफध्आर सीतापुर के पद पर तैनात किया गया है।

# राममंदिर के अलावा ६ अन्य मंदिरों का भी होगा निर्माण!

अयोध्या। अयोध्या में बन रहे भव्य राममंदिर निर्माण के लिये बनाई जा रही फाइनल ड्राफ्ट को आखिरकार अंतिम रूप दिया जा चुका है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा



ने बताया कि परिसर में बन रहे भव्य राममंदिर के अलावा कुछ अन्य देवी–देवताओं के मंदिरों का निर्माण भी कराया जायेगा, हालांकि यह मंदिर राममंदिर की परिधि से बाहर होगा। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा की मानें तो राममंदिर की परिधि से बाहर बनने वाले ६ अन्य मंदिरों में भगवान सूर्य, भगवान गणेश, भगवान शिव, देवी दुर्गा, भगवान ब्रह्मा व भगवान विष्णु के मंदिर शामिल है। उन्होंने बताया कि इस मंदिरों को बनाने में पत्थरों का उपयोग किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इन मंदिरों को बनाने के लिये अलग–अलग स्थानों पर चार क्रेन टावर बनाये जाएंगे।राममंदिर निर्माण की प्रगति के बाबत जानकारी देते हुये श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि मंदिर के लिये हो रहे बुनियाद की भराई का काम जल्द पूरा होने की उम्मीद जतायी है। तो वहीं ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय की मानें तो नींव भराई के लिये पड़ रहे लेयरों कि संख्या को ४४ से बढ़ाकर ४८ किया गया है, उन्होंने बताया कि जानकारी के अनुसार ४२ लेयर तक का पूरा होने का अनुमान है।

# स्वच्छता योजना को धता बताते नगर निगम जोन आठ के अधिकारी

लखनऊ। सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वच्छता योजना का लाभ लोगो को कितना मिल रहा है ।इसको राजधानी लखनऊ के सरोजनीनगर तहसील क्षेत्र के नटकुर गाँव की दशा देखने के बाद ज्ञात होता है कि जैसे नगर पालिका परिषद अपने दायित्व को



निभाना ही भूल गई है। जब कि पूरे नगर को साफ–सुथरा रखना नगर पालिका परिषद की जिम्मेदारी बनती है। लेकिन सरोजनीनगर के नटकुर गाँव का मुख्य नाला सालों से चोक पडा है! नटकुर गांव के ग्रामीणों ने कई बार एक्स ई एन से लेकर जोनल अधिकारी से मौखिक रूप से कई बार शिकायत की गई है, लेकिन नतीजा जस का तस बना हुआ है। आलम यह है कि मुख्य नाला चोक होने के चलते गांव का पानी घरों में घुसने लगा है । जिससे मच्छरों की भरमार अत्यधिक हो गई है और कई संक्रामक बीमारियां फैलाने का खतरा मंडला रहा है। !मुहल्लेवासियों का कहना है कि नाला की सफाई न होने से घरों में बदबूदार गंदा पानी घुस रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि इसकी शिकायत नगर निगम जोन आठ के अधिकारियों से कई बार कि गई , लेकिन आजतक नाले की सफाई नही कराई गई। शिवलाल रावत का कहना है कि नाले की सफाई कराने को लेकर कई बार नगर निगम जोन आठ के जोनल अधिकारी से लेकर कई बड़े अधिकारियों से मौखिक रूप से शिकायत की गयी!लेकिन अधिकारियों ने सुध नहीं ली। जिसकी वजह से काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ! वही राम किशोर रावत ने बताया कि बरसात के मौसम में जाम नाले का पानी दरवाजे पर लगा रहता है! नाले का गंदा पानी सड़कों पर भी बहता रहा है। गंदगी और गंदे पानी की वजह से संक्रामक बीमारियां की चपेट में लोग आ जाते है।

# प्रियंका गांधी उत्तर प्रदेश के संगठन की कायापलट को लेकर बेहद गंभीर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजनीति में कांग्रेस को फिर से मुख्यधारा में लाने के प्रयास में लगीं पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका वाड्रा प्रदेश के संगठन की कायापलट को लेकर बेहद गंभीर हैं। उत्तर प्रदेश में २०२२ में होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी की तैयारी को परखने के लिए लगातार दूसरे दिन मैराथन बैठक में व्यस्त प्रियंका गांधी से सभी से स्पष्ट कर दिया है कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस के लिए विधानसभा चुनाव २०२२ काफी अहम है।लखनऊ में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में शुक्रवार से मैराथन बैठक कर रहीं प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं से भेंट की। इस दौरान उन्होंने सभी से साफ कहा कि उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। इसको देखते हुए सभी कार्यकर्ता २४ घंटे पार्टी के काम को करें। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन पार्टी के लिए ही नहीं देश निर्माण के लिए जरूरी है। हम प्रदेश में अपने संगठन को मजबूत करने के लिए चार वर्किंग प्रेसीडेंट की नियुक्ति करेंगे। इनका कद प्रदेश अध्यक्ष के बराबर ही होगा। इन चारों के नाम की घोषणा जल्द ही



होगी। उन्होंने कहा कि चार वर्किंग प्रेसिडेंट अलग-अलग जातियों से बनाए जाएंगे। माना जा रहा है कांग्रेस सभी जातियों को साधने के अभियान में लगी है।प्रदेश कार्यालय पर कांग्रेस जोनवार सांगठनिक बैठक को लेकर पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने चुनाव, संगठन निर्माण और पार्टी के अभियानों पर गहन चर्चा की। इस दौरान उन्होंने एक-एक पदाधिकारी से रिपोर्ट व फीडबैक लिया। प्रियंका गांधी ने इन सभी से संगठन के कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ जमीनी रुझानों पर भी चर्चा की। वह हर गांव में कांग्रेस की स्थिति की रिपोर्ट ले रही हैं। उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के के ६६ ब्लाकों ८७४ न्याय पंचायतों की समीक्षा की। इसके साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसान आंदोलन पर चर्चा की। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की चुनावी रणनीति पर मंथन किया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बाद उनकी संगठन समीक्षा में रुहेलखंड जोन के नेता व कार्यकर्ताओं के साथ की मैराथन बैठक चली। इसमें उन्होंने ८५ ब्लाकों के ८२३ न्याय पंचायतों की रिपोर्ट ली।

## मायावती की पार्टी के लोगों से बाढ़ पीडितों को बेसहारा नहीं छोड़ने की अपील


लखनऊ । उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में बाढ़ के कारण हुई तबाही पर दुख जताते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने सोमवार को आरोप लगाया कि



बाढ़ पीड़ितों की सरकारी मदद ज्यादातर कागजी व हवा-हवाई है। उन्होंने पार्टी के लोगों से अपील की कि वे बाढ़ पीडितों की मदद करें। मायावती ने ट्वीट में कहा, '' उत्तर प्रदेश के खासकर पूर्वांचल में बाढ़ के कारण इस वर्ष फिर व्यापक तबाही व बर्बादी से लाखों परिवारों का जीवन अति-बेहाल हो गया है। अपेक्षित सरकारी मदद ज्यादातर कागजी व हवा-हवाई होने से बेघर हुए लोगों का जीवन अति कष्टदायी बना हुआ है, जो बेहद दुःखद। सरकार तुरंत उचित कदम उठाए। उन्होंने एक और ट्वीट में कहा,''स्पष्टतः उचित सरकारी मदद के अभाव में अति-विपदा में जीवन व्यतीत कर रहे लोगों को अपने सामर्थ्य के हिसाब से मदद करने वाले बसपा के लोगों से पुनः अपील है कि वे बाढ़ पीड़ितों को बेसहारा न छोड़ें तथा उनके प्रति अपनी मानवीय जिम्मेदारी का यथासंभव निर्वहन जारी रखें।

## मालदीव पहुंची सारा अली खान, दोस्त के साथ वेकेशन किया एंजॉय

नई दिल्ली। बॉलीवुड की यंगेस्ट एक्ट्रेस सारा अली खान भी अन्य सेलेब्स की तरह वेकेशन एन्जय करने मालदीव गई हुई हैं। सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाली सारा ने अपने फैंस के लिए वहां से अपनी खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट की हैं। जिन पर उनके फैंस लगातार



कमेंट कर उनकी तारीफ कर रहे हैं। इस वेकेशन पर सारा की दोस्त भी उनके साथ है और दोनों खूब मस्ती करती नजर आ रही हैं। दोनों सहेलियां मालदीव की खूबसूरत लोकेशन पर साइकिलिंग का भी मजा ले रही हैं। २६ साल की सारा ने इन तस्वीरों में समुद्री रंग के शॉर्ट्स और इसी रंग की टोपी पहनी हुई है। व्हाइट कलर की शर्ट के साथ आंखों पर काला चश्मा भी लगाया है। सारा अली खान ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी खूबसूरत फोटोज शेयर की हैं जो लगातार वायरल हो रही है। उनकी इन फोटोज को ७ लाख के करीब लोगों ने लाइक किया है। वेकेशन के दौरान सारा ने अपनी दोस्त को बर्थ डे भी विश किया है और लिखा है कि, आसमान की बुलंदियों पर नाम हो आपका, चांद की ६ रती पर मुकाम हो आपका, हम तो रहते है छोटी-सी दुनिया में, पर ईश्वर करें सारा जहान हो आपका।' 'केदारनाथ', 'सिंबा' और 'कुली नंबर १' जैसी मूवीज में अपनी अदाकारी का जलवा बिखेर चुकी सारा अली खान अब जल्द ही आनंद एल राय द्वारा निर्देशित फिल्म अतरंगी रे में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ अक्षय कुमार और धनुष भी दिखाई देंगे।

## कियारा आडवाणी की ये कार्बन कॉपी आपको भी कर देगी कंफ्यूज, नहीं पहचान पाएंगे कौन असली, कौन नकली

नई दिल्ली। बॉलीवुड सितारों की भीड़ में इन दिनों एक लड़की की भी खूब चर्चा हो रही है और उसके वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रही है। दरअसल, कियारा आडवाणी की एक फैन बिल्कुल उनकी कार्बन



कॉपी दिखाई देती हैं। अगर दोनों की तस्वीरें साथ में दिखाई जाए तो ये भी पता करना मुश्किल हो जाता है कि इनमें से असली कौन और नकली कौन? एक्ट्रेस कियारा की हमशक्ल इस लड़की का नाम ऐश्वर्या है। ऐश्वर्या एक सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर हैं और उसने अपने इंस्टाग्राम बायो पर खुद को डेंटिस्ट बता रखा है। ऐश्वर्या ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर कर रखा है और उसमें खुद को शेरशाह फिल्म वाली कियारा के डिंपल वाले लुक को लोगों के सामने पेश किया है। वीडियो शेयर करते हुए ऐश्वर्या ने लिखा है कि, शेरशाह फिल्म की एक्ट्रेस कियारा आडवाणी के लुक को फिर से रिक्रिएट किया है। ऐसा करने के लिए मुझे कई लोगों ने अनुरोध किया था। कियारा की तरह ही ऐश्वर्या भी वीडियो में काफी खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। अब तक इस वीडियो को ६ मिलियन से ज्यादा लोग देख चुके हैं और ५ लाख से ज्यादा लोग इसे लाइक कर चुके हैं। इस वीडियो में ऐश्वर्या ने कियारा जैसी ही ड्रेस पहन रखी है और खुद को वैसा ही गेटअप दिया हुआ है। आपको बता दें कि एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने फिल्म शेरशाह में डिंपल चीमा की भूमिका निभाई थी। यह फिल्म कारगिल युद्ध के नायक कैप्टन विक्रम बत्रा की बायोपिक है और कैप्टन विक्रम बत्रा का रोल सिद्धार्थ मल्होत्रा ने निभाया हैं। इस फिल्म को दर्शकों से अच्छा रेपॉन्स मिला है।

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com

सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक